एसजेवीएन थर्मल (प्रा.) लिमिटेड
(एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी)
1320 मेगावाट बक्सर ताप विद्युत परियोजना
सीआईएन: U31908BR2007PTC017646

SJVN Thermal (P) Ltd.
(A wholly owned subsidiary of SJVN)
1320 MW Buxar Thermal Power Project
CIN: U31908BR2007PTC017646

विज्ञापन सं: 03/2023 अंतिम तिथि: 15/10/2022

## प्रशिक्षुता प्रशिक्षण–2023 के लिए अधिसूचना

एसजेवीएन थर्मल (प्रा0) लिमिटेड, एसजेवीएन लिमिटेड (भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत शेड्यूल–ए, मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम) की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी बिहार के बक्सर, भोजपुर, रोहतास तथा कैमूर जिलों के स्थाई पात्र उम्मीदवारों से वर्ष 2023 के लिए प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 के अंतर्गत निम्नवत ट्रेडों/विधाओं में एक वर्षीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

| (क) स्तानक प्रशिक्षुता | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विधा/ट्रेड | सीटों की संख्या | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता |
| 1 | सिविल | 02 | मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से संबंधित विधा में इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। |
| 2 | मैकेनिकल | 05 | |
| 3 | इलेक्ट्रिकल | 02 | |
| 4 | आई टी/कमप्यूटर साईंस | 01 | मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से पूर्णकालिक बीई/बीटेक (कमप्यूटर ईन्जीनियरिंग)/एमसीए अथवा DOECC "बी" लेवल। |
| योग (क) | | 10 | |
| (ख) डिप्लोमा प्रशिक्षुता | | | |
| क्र.सं. | विधा/ट्रेड | सीटों की संख्या | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता |
| 1 | सिविल | 02 | एआईसीटीई/राज्य के तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से संबंधित विधा में इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में पूर्णकालिक डिप्लोमा। |
| 2 | मैकेनिकल | 08 | |
| 3 | इलेक्ट्रिकल | 04 | |
| 4 | आई टी/कमप्यूटर साईंस | 01 | |
| योग (ख) | | 15 | |
| (ग) आईटीआई प्रशिक्षुता | | | |
| क्र.सं. | विधा/ट्रेड | सीटों की संख्या | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता |
| 1 | इलेक्ट्रिशियन | 10 | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान/ तकनीकी शिक्षा बोर्ड से संबंधित विधा में आईटीआई उत्तीर्ण। |
| 2 | वायरमैन | 04 | |
| 3 | फिटर | 09 | |
| 4 | प्लंबर | 02 | |
| योग (ग) | | 25 | |
| योग (क+ख+ग) | | 50 | |

**नोट**: यदि किसी श्रेणी (स्नातक/डिप्लोमा/आईटीआई) के किसी ट्रेड/विधा में पात्र अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण रिक्ति नहीं भरी गई/खाली रहती हैं तो उन्हें संबंधित श्रेणी के अन्य ट्रेड/विधा के लिए परिवर्तित किया जाएगा।

1. **आरक्षण**: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग तथा पीडब्ल्यूडी के लिए प्रशिक्षण रिक्तियों का आरक्षण प्रशिक्षुता अधिनियम,1961 के प्रावधानों तथा इसमें तत्पश्चात् संशोधनों के अनुसार होगा।
2. **आयु सीमा**: आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आयु सीमा 18 वर्ष से 30 वर्ष के मध्य हैं। (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के लिए 05 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर) के लिए 03 वर्ष, परियोजना प्रभावित परिवार के लिए 03 वर्ष तथा पीडब्ल्यूडी के लिए 10 वर्ष की छूट है)।
3. **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता**: आवेदन की अंतिम तिथि को विभिन्न ट्रेडों/विधाओं हेतु उपरोक्त तालिका में दिये गये विवरण के अनुसार। परिणाम प्रतीक्षित आवेदक आवेदन करने के पात्र नहीं हैं। आवेदक जिन्होंने वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 में आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे ही आवेदन करने के पात्र हैं।
4. **पूर्ववत प्रशिक्षण**: वे आवेदक जो अपनी शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत पहले ही प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं या वर्तमान मं प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं या जिनके पास एक वर्ष या उससे अधिक का कार्य अनुभव है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। एसजेवीएन/एसटीपीएल मं प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं।

5. **सरकारी पोर्टल में पंजीकरणः** केवल बीओएटी (BOAT) और एनएपीएस (NAPS) पंजीकरण संख्या वाले आवेदक ही आवेदन एवं प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे। आवेदकों को बीओएटी पोर्टल www.mhrdnats.gov.in (स्नातक एवं डिप्लोमा) अथवा एनएपीएस पोर्टल www.apprenticeshipindia.org (आई टी आई) – (जो लागू हो), में स्वयं को पंजीकृत करना होगा तथा अपने आवेदन में पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना आवश्यक होगा।

6. **प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधिः** एक वर्ष।

7. **देय वृत्तिकाः**

| | | |
|---|---|---|
| क. | स्नातक प्रशिक्षु | रू 10,000/–प्रति माह |
| ख. | डिप्लोमा प्रशिक्षु | रू 8,000/–प्रति माह |
| ग. | आईटीआई प्रशिक्षु | रू 7,000/–प्रति माह |

8. **पीएएफ/पीएए को वरीयताः** एसटीपीएल के परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) एवं परियोजना प्रभावित क्षेत्रों (पीएए) तथा बक्सर जिले के उम्मीदवारों के लिए कुल सीटों का 50 प्रतिशत आरक्षित किया जाता है। इसमें भी परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के सदस्यों को प्रथम वरीयता दी जाएगी। अन्य राज्यों के ऐसे उम्मीदवार जिनकी भूमि एसटीपीएल के लिए अधिग्रहित की गई है, वे भी इस श्रेणी के तहत आवेदन करने के पात्र होंगे। उपरोक्त ऐसे सभी उम्मीदवारों को इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी/राजस्व विभाग/पंचायत से जारी तथा एसटीपीएल कार्यालय द्वारा विधिवत सत्यापित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9. **एसजेवीएन/एसटीपीएल में रोजगारः** एसटीपीएल में प्रशिक्षुता अवधि पूरी होने पर, एसटीपीएल/एसजेवीएन पर ऐसे प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान करने की कोई बाध्यता नहीं होगी और न ही ऐसे प्रशिक्षु प्रशिक्षण के पूर्ण होने के आधार पर एसटीपीएल/एसजेवीएन में रोजगार के लिए दावा कर सकते हैं। ऐसे दावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. **प्रशिक्षण अवधि में विस्तारः** एक वर्ष की प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर प्रशिक्षण अवधि में कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण अनुबंध स्वतः समाप्त हो जाएगा।

11. **प्रशिक्षण के दौरान आवासः** एसटीपीएल द्वारा आवास प्रदान नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवारों को ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी एवं कार्य स्थल पर आने जाने की भी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

12. **चयन का मानदंड :** पात्र अभ्यर्थियों का चयन मैट्रिक परीक्षा(दसवीं) तथा आईटीआई पाठ्यक्रम/डिप्लोमा एवं इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में स्नातक में प्राप्त अंकों के आधार पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार बनाई गई मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगाः

| प्रशिक्षुता | वेटेज़ | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| स्नातक प्रशिक्षु | 10वीं का 20% | 12वीं/डिप्लोमा के लिए 20% (दोनों की स्थिति में, जो भी उच्चत्तर हो) | इंजीनियरिंग में कुल योग का 60% | 100 |
| डिप्लोमा प्रशिक्षु | 10वीं का 30% | इंजीनियरिंग में डिप्लोमा का 70% | | 100 |
| आईटीआई प्रशिक्षु | 10वीं का 30% | आईटीआई का 70% | | 100 |

13. **दस्तावेजों का सत्यापनः** आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को सत्यापन के समय सभी मूल सत्यापित/प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि आवेदक द्वारा अपने आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी/दावा गलत पाया जाता है, तो ऐसे आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और वह उचित कानूनी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा। साथ ही, उम्मीदवारों को तैनाती से पहले मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

14. **प्रशिक्षुता संविदा पंजीकरणः** प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयन एवं तैनाती प्रशिक्षुता अधिनियम के विस्तृत प्रावधानों के अध्यधीन होगी। चयनित अभ्यर्थियों के साथ अनुबंध बोर्ड ऑफ एपरेंटिसशिप ट्रेनिंग (बीओएटी)/नेशनल एपरेंटिसशिप प्रोमोशन स्कीम (एनएपीएस) पोर्टल के तहत पंजीकृत किया जाएगा। इसलिए ऐसे पंजीकृत अभ्यर्थी जो इन योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं उन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वे आवेदन न करें।

<u>आवेदन कैसे करें:</u>

क) निर्धारित पात्रता मानदंड को पूर्ण करने वाले आवेदक पहले संबंधित पोर्टलों अर्थात www.mhrdnats.gov.in (स्नातक तथा डिप्लोमा प्रशिक्षुओं के लिये) एवं www.apprenticeshipindia.org (आई टी आई प्रशिक्षुओं के लिए) पर अपना पंजीकरण करेंगे तथा प्रशिक्षुता पंजीकरण संख्या को नोट करेंगे। आवेदकों को अपने आवेदन में इस प्रशिक्षुता संख्या को अनिवार्य रूप से इंगित करना आवश्यक हैं। इस प्रशिक्षुता पंजीकरण संख्या के बिना प्राप्त आवेदनों को अमान्य माना जाएगा तथा इन्हें स्वीकार नही किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।

ख) शॅार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एसटपीएल, बक्सर में प्रमाणपत्र सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिए एसएमएस/व्हाट्सएप द्वारा सूचित किया जाएगा।

ग) उम्मीदवारों के पास एक वैध तथा सक्रिय ई–मेल आईडी एवं वाट्सऐप वाला मोबाईल फोन नंबर होना चाहिए, जो कम से कम आगामी एक वर्ष के लिए वैध हों।

ध) उम्मीदवारों को आवेदन के साथ आवेदन शुल्क के रूप में 100/– रूपए (एक सौ रूपए मात्र) डिमांड ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर (अनु.जा/अनु.ज.जा/पीडब्ल्यूडी/पीएएफ को छूट है) एसजेवीएन थर्मल प्राईवेट लिमिटेड के पक्ष में देय के रूप में संलग्न करना होगा। आवेदन शुल्क के बिना आवेदन को अमपन्य माना जाएगा तथा रद्द कर दिया जाएगा। एक बार अदा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापिस नहीं किया जाएगा।

ड़) उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के लिए पूर्ण और अनन्य रूप से जिम्मेदार होंगे।

च) उम्मीदवारों को स्पष्ट रूप से नोट करना चाहिए कि एसटीपीएल, किसी भी मामले में आवेदन के अपूर्ण होने, निर्धारित शुल्क के बिना आवेदन, आवेदन जमा न करने या किसी भी कारण से उसकी प्राप्ति में हुई देरी के कारण अस्वीकृति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

छ) दस्तावेजों के सत्यापन के लिए उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार के टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निम्नाँकित प्रारूप में अपने आवेदन पत्र को एक लिफाफे में स्पष्ट रूप से शीर्ष पर निर्धारित ट्रेड/विधा की श्रेणी (स्नातक, डिप्लोमा एवं आईटीआई) को इंगित करते हुए प्रमुख(मा0सं0), एसजेवीएन थर्मल प्रा0 लिमिटेड, नव दुर्गा कॉम्प्लेक्स, अम्बेडकर चौक, बक्सर, पिन–802103 को दिनांक 15/10/2022 तक भेंज दें। उम्मीदवार अपना आवेदन अंतिम तिथि से पूर्व एसटीपीएल के बक्सर/चौसा कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**नोट:** <u>उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि आवेदन करने से पूर्व, उन्हें संबंधित पोर्टल (बीओएटी/एनएपीएस) में स्वयं को पंजीकृत करना होगा तथा अपने आवेदन में पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना होगा। पंजीकरण संख्या के बिना प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं उन्हें तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा।</u>

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

आवेदन पत्र जमा करने की शुरूआत तिथि: 06/09/2022
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 15/10/2022

# आवेदन पत्र का प्रारूप

फोटो

1. आवेदित पद का नाम....................................................
2. BOAT/NAPS पंजीकरण संख्या.........................
3. आवेदक का नाम..........................................................
4. जन्म तिथि....../....../............
5. पिता का नाम..................................................................
6. आवेदक की श्रेणीः SC/ST/OBC/PWD/GEN ( कृपया (√) करें)
7. अधिवास (Domicile): राज्य...........जिला.............
8. स्थाई पताः गाँव............पोस्ट........... पंचायत...............
   जिला.............. राज्य.................................
9. पत्राचार का पता.............................................................
10. आधार संख्या....................................................................
11. शैक्षणिक योग्यताः

| क्र0सं0 | कोर्स | स्कूल/कॉलेज | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

12. व्यवसायिक योग्यताः

| क्र0सं0 | कोर्स | स्कूल/कॉलेज | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

13. कार्य अनुभव/ प्राप्त प्रशिक्षण का विवरण, यदि कोई हो तोः
    .........................................................................................................
14. क्या आप परियोजना प्रभावित परिवार/परियोजना प्रभावित क्षेत्र से है ? (हाँ/नहीं)
    यदि हाँ, तो इंगित करें। (................)
15. परियोजना प्रभावित परिवार/परियोजना प्रभावित क्षेत्र से सम्बद्ध दावे के लिए संलग्न दस्तावेजों का विवरणः
    ....................................
    ....................................

.......................................
(आवेदक का हस्ताक्षर)

मो0 नं0..........................

वैकल्पिक मो0 नं0............